प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

मासिक धर्म जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन

विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा मासिक धर्म विषय पर जागरूकता हेतु कक्षा–4 से 8 तक की छात्राओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला फूलबाग सेंटर, स्थित जूनियर हाईस्कूल विद्यालय, पंतनगर में किया गया, जिसमें लगभग 70 छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन डा. अनुपमा पाण्डे, सहायक प्राध्यापिका एवं रावे इंचार्ज के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को मासिक धर्म के विषय में बहुत सहज एवं सरल तरीके से जानकारी देना तथा जागरूक करना था ताकि आगामी भविष्य में इसे सरल तरीके से अपने जीवन में स्वीकार कर सके और किसी संदेह या भ्रम से दूर रहें। कार्यशाला की शुरूआत सामुदायिक विज्ञान की छात्राओं ने कार्यशाला की थीम–मासिक धर्म को समझाने के लिए कहानी के चरित्रों के माध्यम से की, लेक्चर एवं प्रदर्शन द्वारा संबंधित पहलुओं से अवगत कराया एवं वीडियो प्रोग्राम दिखाकर इसे स्पष्ट किया गया। इसके तहत छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित जानकारी जैसे मासिक धर्म के दौरान साफ–सफाई, खान–पान, व्यायाम, मानसिक एवं शारीरिक परिवर्तन के बारे में वीडियो एवं मौखिक रूप में बताया गया, जिससे छात्राओं में अंधविश्वास एवं भ्रांतियां दूर हो सके। साथ ही उन्हे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई ताकि वे उनका पूरा लाभा उठा सके। कार्यशाला बहुत ही उत्साह पूर्ण रही, जिसमें विद्यालयी छात्राओं ने अपने प्रश्नों द्वारा विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की एवं संशय को दूर किया। इस कार्यशाला में विद्यालय की शिक्षिकाओं ने पूर्ण सहयोग किया एवं महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा आयोजित इस कार्यशाला की सराहना की।

मासिक धर्म विषय पर जागरूक करते विद्यार्थी।

निदेशक संचार